## साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आयोजित

**न्यायसाक्षी रायगढ़।** कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी ने आज यहां कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समयसीमा की बैठक ली। इस अवसर पर उन्होंने सीएम जनदर्शनए प्रभारी मंत्री से समय समय पर प्राप्त आवेदन पत्रों, पीजीएन ऑनलाइन एवं पीजी पोर्टल के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर श्रीमती आबिदी ने लोक सुराज में आवेदन के निराकरण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अधिकारी जमीनी स्तर पर निराकरण करें। उन्होंने विभागवार लोकसुराज के आवेदनों की जानकारी ली और निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती आबिदी ने कहा कि 7 मार्च से बोर्ड की परीक्षा प्रारंभ हो रही है इसके मद्देनजर उन्होंने सभी स्कूलों में पेयजल, दवाइयां की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। इसके साथ ही शौचालय की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि पेंशन के हितग्राहियों की आधार सीडिंग कर ली गई है लेकिन इसके साथ ही बायोमैट्रिक मशीन द्वारा भौतिक सत्यापन करने के कार्य में गति लायें। कलेक्टर श्रीमती आबिदी ने सहायक खाद्य अधिकारी से प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के क्रियान्वयन में गति लाने के लिए कहा। उन्होंने सभी एसडीएम से कहा कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की समीक्षा करें एवं इस कार्य में तेजी लायें। उन्होंने सभी एसडीएम से कहा कि डबरी एवं कुआं निर्माण के कार्यों को भी विशेष महत्व दें। कलेक्टर ने कहा कि जाति प्रमाणपत्र के कार्यों में गति लायें विशेषकर मात्रात्मक त्रुटि वाली जातियों के शिविर लगाकर निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर खरसिया एसडीएम श्री एस हरीश, अपर कलेक्टर श्रीमती रेक्तिमा यादव एवं श्री संजय दीवान सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## सामान्य भविष्य निधि खातों का तत्काल अपडेट कराएं

**न्यायसाक्षी रायगढ़।** जिला कोषालय अधिकारी रायगढ़ ने जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी को अवगत कराया है कि महालेखाकार कार्यालय से प्राप्त सामान्य भविष्य निधि अनपोस्ट डेबिट एवं डोरमेन्ट एकाउंट, फूलपार्ट वांट व्हाउचर की जानकारी तत्काल जिला कोषालय में भिजवाते हुए इस कार्यालय में उपलब्ध महालेखाकार के अभिलेख में सही जानकारी इन्द्राज किए हेतु जीपीएफ शाखा प्रभारी एवं लेखापाल को तत्काल कोषालय रायगढ़ में भेजें, ताकि सही प्रविष्टि उपरांत अभिलेख महा लेखाकार को वापस भेजा जा सके। कोषालय अधिकारी ने बताया कि महालेखाकार रायपुर से प्राप्त जीपीएफ डेबिट,डेबिट अनपोस्ट क्रेडिट अनपोस्ट एवं डोरमेन्ट खातों की सूची जिला कोषालय में उपलब्ध है।

## ट्रंप के मोदी के साथ हैं मजबूत संबंधः विदेश मंत्रालय



वॉशिंगटन,(आरएनएस)। अमेरिका के विदेश मंत्रालय की एक अधिकारी ने भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के बीच मजबूत संबंध हैं। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हीथर नोर्ट ने संवाददाताओं से कहा, 'राष्ट्रपति ट्रंप के मोदी के साथ यकीनन मजबूत संबंध हैं। मुझे मालूम है कि उनकी बेटी (इवांका) को पिछले साल हैदराबाद जाकर वास्तव में बहुत अच्छा लगा। ये संबंध महत्वपूर्ण हैं और इनकी महत्ता बढ़ती जा रही है।' हीथर ने अफगानिस्तान में भारत की विकासात्मक भूमिका की भी सराहना की। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत निक्की हेली ने भी इस माह की शुरूआत में कहा था कि भारत और अमेरिका के संबंधों में असीम संभावनाएं है और उन्होंने आर्थिक एवं प्रशासनिक सुधार करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के आक्रामक रुख की प्रशंसा की थी।

## फ्लॉरिडा स्कूल के कोच ने अपनी जान देकर बचाई छात्र की जान



पार्कलैंड,(आरएनएस)। फ्लॉरिडा के स्कूल में हुई गोलीबारी में 17 लोगों ने अपनी जान गवांई। इस गोलीबारी में स्कूल के असिस्टेंट फुटबॉल कोच आरोन फेश भी थे। आरोन स्कूल में असिस्टेंट फुटबॉल कोच के साथ सिक्यॉरिटी गार्ड का भी काम करते थे। स्कूल के बच्चों को बचाने के लिए आरोन खुद गोलीबारी करने वाले शख्स के सामने आ गए, ताकि पीछे मौजूद बच्चों को बचा सके। गोली लगने के कारण बाद में अस्पताल में उनकी मौत हो गई। आरोन की वजह से कई लोगों की जान बची। आरोन के साथ ऐथलेटिक्स कोच क्रिस हिक्सन और स्टूडेंट जैमी गुटनबर्ग उन पहले 3 लोगों में से हैं, जिनकी पहचान मृतकों में हुई। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया, 'आरोन स्कूल में मौजूद लोगों और स्टूडेंट्स को बचाने के लिए किसी देवदूत की तरह आ गए। वह गोलियों और छात्रों के बीच दीवार की तरह खड़े हो गए और उन्होंने कई लोगों की जान बचाई। डगलस फुटबॉल टीम की तरफ से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया, 'हम बहुत पीड़ा के साथ सूचित कर रहे हैं कि आरोन फेश अब हमारे बीच नहीं है। वह हमारे असिस्टेंट फुटबॉल कोच और सुरक्षा गार्ड थे। उन्होंने अपनी जिंदगी की परवाह न करते हुए गोलीबारी से छात्रों को बचाया और अपनी जान गवां दी। एक हीरो की तरह उन्होंने हमारी रक्षा की। वह हमारी यादों में हमेशा जिंदा रहेंगे।

## अंडे की सफेदी से कार्बन फ्री एनर्जी का निर्माण

तोक्यो,(आरएनएस)। जापान के एक वैज्ञानिक ने गुरुवार को दावा किया है कि उनकी टीम ने कार्बन फ्री एनर्जी के लिए एक नई खोज की है। वैज्ञानिक के अनुसार, अंडे के सफेद हिस्से का कार्बन फ्री एनर्जी के निर्माण में प्रयोग किया जा सकता है। ओसाका सिटी यूनिवर्सिटी में प्रफेसर यूसुके यमादा का दावा है कि अंडे में मौजूद प्रोटीन स्त्रोत का एक टूल के तौर पर हाइड्रोडन निर्माण के लिए प्रयोग किया जा सकता है। यमादा के अनुसार, स्वच्छ बिजली के लिए अंडे के सफेदी से हाइड्रोजन के निर्माण के लिए एक मजबूत टूल के तौर पर प्रयोग किया जा सकता है। यमादा ने यह भी दावा किया कि इस नए तरीके से हम पानी से हाइड्रोजन निर्माण के अपने अंतिम लक्ष्य को प्राप्त कर सकने में भी सक्षम होंगे। बता दें कि हाइड्रोजन गैस का अधिकतम निर्माण इस वक्त जीवाश्म से बने खनिज जैसे कोयला आदि से उत्पादन होता है।

## मत्स्य पालकों के आर्थिक विकास एवं समृद्धि के संबंध में बैठक आयोजित

**न्यायसाक्षी रायगढ़।** मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री भरत मटियारा की अध्यक्षता में गत दिवस सृजन सभाकक्ष में मछुआ सहकारी समितियोंए समूहों एवं मत्स्य कृषकों की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री मटियारा ने मत्स्य पालकों के आर्थिक विकास एवं समृद्धि के उपाय के बारे में विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर श्री मटियारा ने 7 हितग्राही को महाजाल, चटजाल, 2 हितग्राही को आईस बाक्स एवं 12 हितग्राहियों को सिफेक्स का वितरण किया। इस अवसर पर मछली विभाग के सहायक संचालक श्री डी के ईजारदार, रिटायर्ड सेल टेक्स आफिसर श्री कावड़े, मत्स्य विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी, मछुवारा सहकारी समितिगण, मछुआ समूह तथा लगभग 250 से अधिक मछुआ कृषक उपस्थित थे।

CAREER SCHOOL
Topper Students




Admission Open
Behind Stadium Raigarh C.G.

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की
खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में ऐजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

** English Medium Study** Since 1996
!! जानिए एवं सोचिए!!
IIT=AIPET=AIIMS=CA=CPT
जैसे Exam हेतु सभी को बराबर अवसर
फिर चाहे कोई भी 12th बोर्ड –
जैसे ICSE/CBSE or CGBSE .... हो
CGBSE में पढाई अच्छी लेकिन सस्ती !!
फिर क्यों ज्यादा खर्च करें !!
आईये...We Build CAREER...
:: प्रवेश प्रारंभ ::
Nursery to 11th-12th this Year
CAREER SCHOOL
English Medium
Best Teachers and Best Educations with Activities
Behind Stadium Street, Raigarh, C.G.

सामाजिक न्याय संघ
शासन से मान्यता प्राप्त
Registered with Govt. No. 5526
अधिकार से न्याय तक
क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए
और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए,
तो, आईये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।
छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।
हमारी उपलब्धियां




शासकीय मान्यता प्राप्त संघ में ऊर्जावान कर्मठ पदाधिकारियों एवं सदस्यों की आवश्यकता है। जो भी इस संस्था से जुड़कर कार्य करना चाहते हों वे अपने समस्त बायोडाटा के साथ सामाजिक न्याय संघ के निम्नांकित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।
आवश्यकता है

| क्र. | स्थान | पद |
|---|---|---|
| 1 | रायगढ़ जिला एवं समस्त ब्लॉक | 45 |
| 2 | सरगुजा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 35 |
| 3 | जशपुर जिला एवं एवं समस्त ब्लॉक | 40 |
| 4 | कोरबा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 25 |
| 5 | जांजगीर-चांपा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 50 |

व्ही.टी.पी. कार्यालय : श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास रायगढ़ (छ.ग.)
प्रधान कार्यालय : रवि सदन, रवि विहार बस्तर बाड़ा रायपुर (छ.ग.)
सम्पर्क करें-9589876400, 9039961090
E-mail ID- sjunion28@gmail.com website : www.sjunion.org

सामाजिक न्याय संघ
शासन से मान्यता प्राप्त Registered with Govt. No. 5526
अधिकार से न्याय तक
क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए
और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए,
तो, आईये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।
छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।
Our V.T.P. कैरियर स्कूल के पास, श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे रायगढ़ (छ.ग.)
सम्पर्क करें- 9301915303, 9039961090
E-mail ID- sjunion28@gmail.com website : www.sjunion.org

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931